## सार-समाचार

### शिविर में 205 लोगों को पट्टे वितरित किए




**भीम,( निसं)।** प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान बुधवार को उपखंड क्षेत्र के थानेटा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर सरपंच दीक्षा चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। क्षेत्रीय विधायक सुदर्शसिंह रावत मुख्य अतिथि थे। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी उमेदसिंह राजावत तहसीलदार बाबूलाल विकास अधिकारी डॉ रमेशचंद्र मीणा ग्राम विकास अधिकारी संतोषसिंह धीरसिंह मीणा महेंद्र कुमार भांवरिया सहायक विकास अधिकारी कैलाश प्रजापति आदि सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों के सानिध्य में शिविर आयोजित हुआ। सहायक विकास अधिकारी कैलाश प्रजापति ने बताया कि आयोजित शिविर के दौरान कृषि विभाग द्वारा 205 लोगों को आबादी भूमि में पट्टे वितरित किए गए। शिविर में पंचायती राज विभाग राजस्व विभाग श्रम कल्याण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग आदि से संबंधित जनसमस्याओं का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सरदारसिंह मोहनसिंह फौजी ईश्वर सिंह लक्ष्मणसिंह कनिष्ठ लिपिक हेमेंद्रसिंह कुकड़ा सरपंच भैरूसिंह लसाडिया सरपंच खुमानसिंह नारायणसिंह सहायक कृषि अधिकारी कमलेश यादव कृषि पर्यवेक्षक इरफान मोहम्मद आदि सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अपहरण के मामले में एक गिरफ्तार

**राजसमंद**, (निसं)। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ओपरेशन अभियान के तहत चारभुजा पुलिस ने 2 वर्ष पुराने अपहरण के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी भवानीशंकर ने बताया कि सोनियाणा निवासी नाबालिग के पिता ने 18 जनवरी 2020 को थाने में मामला दर्ज कराया। जिसमें बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री 15 जनवरी 2020 को मोराणा गांव उसके रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गई। लेकिन 17 जनवरी से ही वो गुम हो गई। जिसको उन्होंने काफी तलाश किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बालिका के पिता ने जाट का गुडा निवासी गोवर्धन पुत्र उदयलाल भील पर उसकी पुत्री को ले जाने की आशंका जताई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बालिका और आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई। जयपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मिलाप-2 के तहत एसपी सुधीर चौधरी से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसपी कुंभलगढ नरपतसिंह के सुपरवीजन में तथा थानाधिकारी भवानीशंकर के नेतृत्व में दोनों की तलाश को लेकर टीम का गठन किया गया। जिसमें सउनि जसवंतसिंह, हेडकोंस्टेबल गोविंदसिंह, कोंस्टेबल भंवरदान, भगवानराम, महिला कोंस्टेबल ललिता, सुमित्रा को शामिल किया गया। टीम ने दिवेर, केलवा, राजसमंद, कांकरोली, नाथद्वारा, देलवाडा, उदयपुर, धरियावाद, प्रतापगढ आदि क्षेत्रों में गहनता से तलाश किया। लगातार तलाश जारी रखते हुए टीम ने मुखबीर व तकनिकी तंत्र के माध्यम से दोनों को डिटेन कर नाबालिग को दस्तयाब किया गया। पुलिस द्वारा नाबालिग पीडिता को सखी स्टॉप सेन्टर मे आश्रय दिलाया गया व आरोपी गोवर्धनलाल को भादसं व पोस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर लिया गया। मामले को लेकर पुलिस द्वारा जांच जारी है।

### करंट लगने से बंदर की मौत

**कानोड़,( निसं )।** नगर के सुरजपोल लवारसियों का वेला मार्ग पर बिजली विभाग द्वारा निकाली गई 11 हजार केवी लाइन की चपेट में आने से एक बंदर की करंट लगने से मौत हो गई है। स्थानिय निवासी मनोहर लाल मेहता, राजकुमार सहलोत सहित ने विभाग पर लापरवाही व उदासीनता का आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त लाइन की चपेट में आने से अब तक तीन बंदरो की मौत हो चुकी है । पास पेडों पर कुदते समय आए दिन बंदर बिजली लाइन की चपेट में आकर काल के मुह में समा रहे है । लोगो ने बताया कि जिस 11 हजार के.वी. लाइन की चपेट में आकर बंदर की मौत हो रही वह लाइन कोई काम नहीं आ रही है, बेवजह खंभो को सहारा देने के लिए लाइन खीचते हुए 11 हजार केवी का कंरट छोड रखा है जो लाइन कभी जनहानी भी कर सकती है । पास रहने वाले मनोहरलाल मेहता ने बताया कि उक्त लाईन को हटाने के लिए कई बार विभाग के सहायक अभियंता के साथ ही लाइनमेन को अवगत करवाते हुए लिखित में भी पत्र दिया लेकिन आज तक हालात जस के तस बने हुए है । नगर की बिजली लाइन जमीन में डाल देने के बावजूद खंभो पर उलझे तारो को विभाग हटाने की कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है । उपभोक्ता ने लाइनमेन पर लाइन हटाने के बदले पैसे मांगने के नामजद आरोप भी लगाए है ।

### डूंगरपुर के सभापति का सम्मान किया

**डूंगरपुर**,(निसं)। वेस्ट जोन में स्वच्छ सिटी का प्रथम स्थान एवं गार्बेज फ्री सिटी का अवार्ड प्राप्त करने वाली निकाय के सभापति एवं उपसभापति का पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच ने पुष्प व उर्पणा ओढाकर सम्मानित किया गया। मंच के प्रदेश संगठन मंत्री ने इस अवसर पर सभापति उपसभापति का आभार प्रकट करते हुए कहां कि आपके नेतृत्व में डूंगरपुर का एक बार फिर देश दुनिया मे नाम हुआ। साथ ही आश्वस्त किया कि स्वच्छता हेतु सदैव नगर परिषद के साथ रहेगा। मंच के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश श्रीमाल व जिलाध्यक्ष जितेन्द्रसिंह पीठ ने कहां डूंगरपुर स्वच्छ रखने के लिए हमारा मंच सदैव नगर परिषद के साथ है। अभिनंदन के इस अवसर पर रामलाल पाटीदार, मंच के जिला महामंत्री अनिल सुथार, मंच के कोषाध्यक्ष कमलेश शाह, मंच के पदाधिकारी, रमेश वरियानी, हितेश भवसार, अशोक कालरा, सजी पिल्लई आदि उपस्थित थे।

### आचार्य सुनील सागर महाराज की पुस्तक का विमोचन

**कुशलगढ़**,(निसं)। त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया द्वारा आचार्य श्री सुनील सागर महाराज साहब की पुस्तक का विमोचन त्रिपुरा सुंदरी में किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने पुस्तक विमोचन करते हुए कहा कि आचार्य श्री सुनील सागर महाराज का मुझे आशीर्वाद प्राप्त हैं और उन्होंने कहां की मैं पूर्व में अतिशय अंदेश्वर तीर्थ दर्शन कर चुकी हूं इस अवसर पर अंदेश्वर तीर्थ कमेटी के पंकज सेठ अंकित सेठ प्रीतेश कोठारी कोमल जैन बाहु ल पंचोली यश यश पंचोली भाजपा के वरिष्ठ नेता करणी सिंह राठौड़ डूंगरपुर बांसवाड़ा के सांसद कनक मल कटारा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी पूर्व मंत्री धन सिंह रावत और कई भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर अंधेश्वर तीर्थ कमेटी के सदस्यों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को अंदेश्वर पारसनाथ भगवान की प्रतिमा है भेंट की।

### आजादी के अमृत महोत्सव प्रदर्शनी शुरू

**शाहपुरा,**(निसं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो, उदयपुर के द्वारा भीलवाडा जिले की शाहपुरा पंचायत समिति मुख्यालय पर स्थित बोर्डिग हाउस राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय के परिसर मे तीन दिवसीय आजादी का अमृत महोत्सव प्रदर्शनी का आज बुधवार को शुभांरभ भीलवाड़ा सांसद सुभाष बहेड़िया , नगर पालिका अध्यक्ष रधुनंदन सोनी , उपखण्ड अधिकारी शिल्पा सिंह, जिला परिषद सदस्य शिवराज कुमावत ,पार्षद मोहन गुर्जर ,पार्षद स्वराज सिंह , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महावीर शर्मा एवं सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

### अतिक्रमण ध्वस्त किए

**राजसमंद**, (निसं)। समीपवर्ती केलवा क्षेत्र की धांयला ग्राम पंचायत अन्तर्गत उम्मेदपुरा में पौधरोपण के लिए आरक्षित सरकारी चारागाह भूमि पर करीब 10 बीघा क्षेत्रफल में व्याप्त अतिक्रमण ग्रामीणों के लगातार आंदोलन एवं भारी आक्रोश के चलते आखिरकार प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। चारागाह भूमि अतिक्रमण मुक्त होने से ग्रामवासियों में हर्ष छा गया है तथा उन्होंने इसे अपनी एकजुटता की जीत बताया है।

### नकुल विप्रसेना के युवा जिला महामंत्री

**बांसवाड़,**(निसं)। विप्रसेना युवा जिलाध्यक्ष दीपक सेवक ने जिलाध्यक्ष हेमन्त त्रिवेदी की सहमति से नकुल नागर को जिला महामंत्री मनोनीत किया। नागर की नियुक्ति पर युवाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# चोरी व नकबजनी के मामले में तीन महिला आरोपियों का गिरोह गिरफ्तार

- चोरी का माल खरीदने के आरोप में भंगार के गोदाम मालिका को भी गिरफ्तार किया
- रैकी कर मौका पाकर चोरी को अंजाम देती थी तीनों आरोपी महिलाएं



राजसमंद में विभिन्न जगहों पर निर्माणाधीन मकानों व दुकानों से लौहे के सरिये चुराने के आरोप में तीन महिलओं को गिरफ्तार किया।

**राजसमंद**, (निसं)। जिला मुख्यालय के सुभाष नगर कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान में से छत भरने के काम में आने वाली लौहे की प्लेटें चुराने के आरोप में राजनगर थाना पुलिस द्वारा तीन महिला आरोपियों के गिरोह व चोरी का माल खरीदने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार गया। पुलिस ने चोरी की प्लेटें बरामद की गई। आरोपी महिलाओं द्वारा इससे पूर्व शहर के कई जगहों पर निर्माणाधीन आवासों व दूकानों से केवल लौहे के सरिये आदि वस्तुओं को चुरा जाना भी स्वीकार किया गया है।

थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि लवाणा निवासी पीडित दिनेश पुत्र वैणीराम कुमावत ने कांकरोली थाने में रिपार्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वो मकान निर्माण के ठेके लेने का कार्य करता है। उसने सुभाष नगर में एक मकान के निर्माण कार्य को चालू किया था। काम पूरा होने पर छत भराई के लिए मकान पर लौहे की प्लेटें लाकर रखी। जिसमें अलग-अलग साईज के सेट थे। लेकिन 17 नवम्बर को उन प्लेटों में से आधी प्लेटें कोई चुरा कर ले गया। जिस पर उसने आस-पास तलाश करते हुए अन्य ठेकेदारों को भी प्लेट चोरी होने की जानकारी दी। इसके बाद उसने निर्माणाधीन मकान से कुछ दूरी पर लगे सीसी टीवी कैमरों को खंगाला तो उसमें उसे तीन महिलाएं वहां से निकलती हुई दिखी जिस पर उसने महिलाओं पर लौहे प्लोट चोरी किए जाने की आशंका जताई। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन प्रारंभ कर दी। मामला राजनगर थाना सर्कल का होने पर जांच राजनगर थाने को सौंपी गई। मामले को लेकर एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा के निर्देशन एवं थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया जिसमें सउनि वीरेन्द्रसिंह, कोंस्टेबल वीरेन्द्र, मेहेन्द्र, मुलचंद व महिला कोंस्टेबल अनीता को शामिल किया गया। टीम ने अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर नांदोडा हाल आवारी माता मंदिर राजनगर निवासी चंदा पत्नी सुनीलनाथ जोगी, देलवाडा हाल आवारी माता मंदिर राजनगर निवासी भागू पत्नी औंकारनाथ जोगी एवं लक्ष्मी पत्नी गुड्डुनाथ जोगी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। इस पर महिलाओं ने सुभाष नगर निर्माणाधीन मकान से लौहे की प्लेट चोरी करना स्वीकार किया तथा साथ ही उन्होंने अलग-अलग समय में शहर के अलग-अलग जगहों पर निर्माणाधीन मकानों व दूकानों से चोरी व नकबजनी की कुल पांच वारदातों को अंजाम देना भी स्वीकार करते हुए चोरी के माल को चपलोतों की गली बस स्टेण्ड के पीछे राजनगर स्थित रमेशचन्द्र पुत्र रंगलाल चपलोत की भंगार की दूकान पर बेचे जाने की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने रमेशचन्द्र पुत्र रंगलाल चपलोत को चोरी का माल खरीदने के आरोप में गिरफ्तार करते हुए गोदाम से चोरी का माल को बरामद किया।

# ट्रोले से 5 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी

- गुजरात बॉर्डर पर नाकाबंदी में पकडे गए 2 तस्कर
- कट्टों के नीचे छुपा रखी थी शराब



बिछीवाडा पुलिस द्वारा पकडी गई अंग्रेजी शराब।

**डूंगरपुर**,(निसं)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे-8 पर राजस्थान.गुजरात बॉर्डर पर 5 लाख की अंग्रेजी शराब पकडी है। तस्कर ट्रोले में सोप स्टोन कट्टो के नीचे शराब की 100 पेटियां छुपाकर गुजरात तस्करी कर ले जा रहे थे। पुलिस ने 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बिछीवाडा पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी की। डूंगरपुर और उदयपुर से आने वाले वाहनों को रुकवाकर तलाशी ली गई। उदयपुर से आ रहे एक ट्रोले को रुकवाकर चालक से पूछताछ की। उसने सोप स्टोन के कट्टे भरे होना बताया। तलाशी में कट्टो के नीचे शराब की पेटियां भरी हुई थी। ट्रोले को जब्त कर 1०० पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की। जिसकी बाजार कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है। ट्रोले के चालक राजसमंद निवासी गणपत वैष्णव और उसके सहयोगी लूमसिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने बताया कि वह शराब को राजसमंद से भरकर गुजरात के मोरबी जा रहे थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## 50 लाख रुपए मौताणा नहीं मिलने पर तोड़फोड़

**डूंगरपुर**,(निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र में तीन महीने पहले एक युवक की मौत पर 50 लाख का मौताणा तय हुआ था, मौताणा की रकम नहीं देने पर सामने वाले पक्ष के घर तोडफोड और लूटपाट की गई। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी भेमजी खांट में बताया कि हमला करने, तोडफोड और लूटपाट करने पर खेमराज पुत्र कानजी खांट, सोमा पुत्र उदा खांट, राहुल पुत्र महेश खांट, बंशीलाल पुत्र हीरा खांट व महेश पुत्र पन्ना खांट निवासी बेडसा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने मौताणा मांगकर तोडफोड और लूटपाट की वारदात करना कबूल किया है।

**दो बाइक की टक्कर में हुई थी युवक की मौत:** थानाधिकारी ने बताया कि तीन महीने पहले बेडसा फला कोढाला में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी। हादसे में शांति पुत्र हीरा ननोमा की मौत हो गई थी और दिनेश पुत्र भूरात ननोमा की बाइक आमने-सामने टकरा गई थी। मृतक के परिवार ने दूसर बाइक सवार युवक दिनेश पुत्र भूरात ननोमा से परिवार से 5० लाख रुपए मौताणा मांगा था। मौताणा तय होने के बाद ही मृतक का अंतिम संस्कार किया गया था। रुपए नहीं मिलने पर 2 अक्टूबर को गटू ननोमा, कालू ननोमा के घरों पर हमला कर दिया। घरों में तोडफोड करते हुए सामान और अनाज बिखेर दिया। सोने-चांदी के जेवरात लूटकर ले गए। तोडफोड और लूटपाट से घरों को भारी नुकसान हुआ।




**उदयपुर में पेसिफिक डेंटल कॉलेज की ओर से देबारी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को जागरूकता, कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान तृतीय वर्ष की छात्राएं सिमरन पालीवाल, सृष्टि गर्ग, सुहानी काबरा, तान्या टांक, उदिति गोलछा, रुचिका मालू, वृंदा भाटर ने अलग-अलग कक्षाओं में पोस्टर एवं मॉडल्स की मदद से बच्चों को मुख की बीमारियों एवं उनसे बचने के उपायों से अवगत कराया। कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कैलाश असावा, डॉ. मृदुला टांक, डॉ. सुरेश दशोरा तथा शिक्षक गोविंद सिंह मौजूद थे।**

# बहाना नहीं, अब काम पर ध्यान रहे : सभापति

- 2022 के सर्वेक्षण में एक बार फिर शहर को नंबर 1 बनाये : आयुक्त



सफाई व्यवस्था को लेकर सभापति अमृत कलासुआ ने सफाई निरीक्षक व सहायक की बैठक में आवश्यक निर्देश दिये

**डूंगरपुर**,(निसं)।डूंगरपुर निकाय द्वारा स्वच्छता को डूंगरपुर की जमीं पर सौ प्रतिशत लागू करने के लिए नित नए नवाचार और टीम परिषद की मेहनत रंग लाई। और तीसरी बार देश की राजधानी में अवार्ड प्राप्त कर हैट्रिक बनायीं। डूंगरपुर में स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यो में सबसे बडी उपलब्धि यह रही कि धरातल पर स्वच्छता लागू करने के साथ साथ परिषद जनमानस में स्वच्छता को स्थापित करने में कामयाब रही।

स्वच्छता को शहर में लागू करने को लेकर पहले ही दिन से सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त नरपतसिंह ने स्वच्छता पर स्वयं मॉनिटरिंग की और प्रतिदिन वार्डो में निरीक्षण करना और प्रत्येक समस्या का त्वरित निवारण पर जोर दिया आज उसी का नतीजा है कि डूंगरपुर निकाय प्रदेश की एक मात्र निकाय बनी है जो तीसरी बार देश की राजधानी में स्वच्छता का अवार्ड किया। 2022 में एक बार फिर स्वच्छता में नंबर 1 आने को लेकर सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित ने सफाई शाखा के सफाई निरीक्षक और जमादारों की बैठक ली जिसमे सभापति ने साफ शब्दों में कहा कि अब कोई बहाना नहीं चलेगा अब केवल काम पर फोकस करना है और लापरवाही जरा भी बर्दास्त नहीं की जायेगी।

## परिवहन विभाग ने छापामार कार्यवाही की

**उदयपुर**, (कासं)। ओला/उबेर वाहन चालकों की शिकायत के मध्येनजर परिवहन विभाग द्वारा कडी कार्यवाही की गई। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी प्रकाश सिंह राठौड के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा के नेतृत्व में 2 उड़नदस्तों द्वारा सघन चैंकिंग अभियान एवं डिकॉय ऑपरेशन किया गया। काफी समय से उदयपुर में ओला/उबेर चालकों के अभद्र व्यवहार, अधिक किराया वसूलने एवं टेक्सी बुक करने के बाद भी टेक्सी लाने से इंकार करने पर एवं ग्राहकों की बुकिंग केन्सिल करने की शिकायत प्राप्त हो रही थी। शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए प्रादेशिक परिवहन अधिकारी प्रकाश सिंह राठौड के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा के नेतृत्व दोनों टीमों को डबोक रोड व प्रतापनगर रोड पर डिकॉय ऑपरेशन और मोटर वाहन नियम उल्लंघन के चालान बनाने के निर्देश दिये। दोनों टीमों ने कुल 52 टेक्सी चालकों के खिलाफ चालान बनाये। चैंकिंग के दौरान पाया गया कि वाहन चालकों द्वारा बिना फिटनेस, बिना इन्स्योरेंश, बिना पीयूसी के वाहनों का संचालन किया जा रहा था।

### साईकिल बांटी

उदयपुर। पीईईओ तितरड़ी के अन्तर्गत राउमावि तितरड़ी में साइकिल वितरण का कार्यक्रम 68 साइकिल बांटी।


**मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर**

क्रमांक : मोलासुविवि/उपाधि/दीक्षान्त समारोह/2021/2400 दिनांक : 24/11/2021

**दीक्षान्त समारोह अधिसूचना**

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर का **29वां दीक्षान्त समारोह** दिनांक 22.12.2021 बुधवार को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस समारोह में डॉक्टर आफ फिलॉसफी (Ph.D.) को जिनका वाईवा-वोसी दिनांक 25.11.2020 से 05.12.2021 तक हो चुका हो को उपाधियाँ एवं स्वर्ण पदक धारकों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेगें।

दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित सूचना एवं उपाधि व स्वर्ण पदक धारको को समारोह में उपस्थित होने की लिखित सूचना के प्रपत्र हेतु विश्वविद्यालय की website www.mlsu.ac.in पर दिनांक 26.11.2021 डाउनलोड कर 13.11.2021 तक कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा कराए जाने की पालना सुनिश्चित करावें।

कुलसचिव

क्षेत्रीय कार्यालय

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

कलालवाटी, राजनगर, जिला राजसमन्द - 313324

Website : www.environment.rajasthan.gov.in, E-mail : rorpcb.rajsamand@gmail.com

क्रमांक:राप्रनिमं/राजसमन्द/जनसुनवाई/365 दिनांक : 23.11.2021

**पर्यावरणीय स्वीकृती हेतु जनसुनवाई के लिये आम सूचना**

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स शुभ स्टोनक्स, एम.एल.संख्या 14/2020, क्षेत्रफल-3.9902 हैक्टेयर (उत्पादन क्षमता ग्रेनाईट-3,72,740 टीपीए (रोम), निकट ग्राम भुरवाड़ा, तहसील-देवगढ़, जिला-राजसमंद (राजस्थान), कलस्टर क्षेत्रफल 8.0975 हैक्टेयर (1). शुभ स्टोनेक्स, एम.एल.संख्या 14/2020, क्षेत्रफल-3.9902 हैक्टेयर, (2) मैसर्स श्री गोविन्द सिंह चुण्डावत, एम.एल.संख्या 25/2018, क्षेत्रफल-1.1073 हैक्टेयर (3) मैसर्स श्री कनिष्क कर्नावट पुत्र श्री चैतन्या कर्नावट, एम.एल.न.04/14 एरिया-3.00 हैक्टेयर,
उपर्युक्त ग्रेनाईट, क्वार्टज एवं फैल्सपार खनन मय कलस्टर परियोजना से संबंधित प्रस्ताव बाबत् पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
2. चूंकि मैसर्स श्री शुभ स्टोनक्स खनन मय कलस्टर परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृती के सम्बन्ध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के साथ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित ) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
3. चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ.1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसरण में सम्पूर्ण कलस्टर की जनसुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
4. उक्त परियोजना से सम्बधित पर्यावरणीय प्रभाव आकंलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है:
   1. कार्यालय जिला कलेक्टर, राजसमन्द।
   2. कार्यालय जिला परिषद, राजसमन्द।
   3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल-4 पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   5. कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र राजसमन्द।
   6. कार्यालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजसमन्द।
   7. क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पंचम-तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर एच.अलिगंज, लखनऊ।
   8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, राजसमन्द।
   9. तहसील कार्यालय, देवगढ़, राजसमन्द।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की आप उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बधित प्रकरण के निपटारे के लिए जनसुनवाई हेतु दिनांक 30.12.2021 (गुरूवार) को स्थान ग्राम पंचायत भवन, पारड़ी , ग्राम पंचायत, पारड़ी तहसील-देवगढ़, जिला-राजसमन्द में प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। इस सम्बंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय, राजसमन्द में भी प्रस्तुत कर सकते है।

**टिप्पणी :** यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से सम्बंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

यदि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दिनांक को लॉकडाउन किया जाता है तो उक्त जन सुनवाई स्वतः निरस्त हो जाएगी।

भवदीय ( अनुराग यादव )
क्षेत्रीय अधिकारी

क्षेत्रीय कार्यालय

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

कलालवाटी, राजनगर, जिला राजसमन्द - 313324

Website : www.environment.rajasthan.gov.in, E-mail : rorpcb.rajsamand@gmail.com

क्रमांक :राप्रनिमं/राजसमन्द/जनसुनवाई/366 दिनांक : 23.11.2021

**पर्यावरणीय स्वीकृती हेतु जनसुनवाई के लिये आम सूचना**

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स तिरूपति स्टोनक्स, एम.एल.संख्या 12/2020, क्षेत्रफल-3.5110 हैक्टेयर (उत्पादन क्षमता ग्रेनाईट-3,17,895 टीपीए (रोम), निकट ग्राम भुरवाड़ा, ग्राम पंचायत पारड़ी, तहसील -देवगढ़, जिला-राजसमंद (राजस्थान), कलस्टर क्षेत्रफल 7.6183 हैक्टेयर (1).तिरूपति स्टोनक्स, एम.एल.संख्या 12/2020, क्षेत्रफल-3.5110 हैक्टेयर, (2) मैसर्स श्री गोविन्द सिंह चुण्डावत, एम.एल.संख्या 25/2018, क्षेत्रफल-1.1073 हैक्टेयर (3) मैसर्स श्री कनिष्क कर्नावट पुत्र श्री चैतन्या कर्नावट, एम.एल.नं.04/14 एरिया-3.00 हैक्टेयर, उपर्युक्त ग्रेनाईट, क्वार्टज एवं फैल्सपार खनन मय कलस्टर परियोजना से संबंधित प्रस्ताव बाबत् पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
2. चूंकि मैसर्स श्री तिरूपति स्टोनक्स, खनन मय कलस्टर परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृती के सम्बन्ध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के साथ राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित ) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।
3. चूंकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ.1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसरण में सम्पूर्ण कलस्टर की जनसुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
4. उक्त परियोजना से संम्बधित पर्यावरणीय प्रभाव आकंलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालया में उपलब्ध है:
   1. कार्यालय जिला कलेक्टर, राजसमन्द।
   2. कार्यालय जिला परिषद, राजसमन्द।
   3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल-4 पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   5. कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र राजसमन्द।
   6. कार्यालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजसमन्द।
   7. क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पंचम-तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर एच.अलिगंज, लखनऊ।
   8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, राजसमन्द।
   9. तहसील कार्यालय, देवगढ़, राजसमन्द।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की आप उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से सम्बधित प्रकरण के निपटारे के लिए जनसुनवाई हेतु दिनांक 30.12.2021 (गुरूवार) को स्थान ग्राम पंचायत भवन, पारड़ी, ग्राम पंचायत, पारड़ी तहसील-देवगढ़, जिला-राजसमन्द में प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। इस सम्बंध में लिखित सुझाव/आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय, राजसमन्द में भी प्रस्तुत कर सकते है।

**टिप्पणी :** यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से सम्बंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

यदि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दिनांक को लॉकडाउन किया जाता है तो उक्त जन सुनवाई स्वतः निरस्त हो जाएगी।

भवदीय ( अनुराग यादव )
क्षेत्रीय अधिकारी

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, राजस्थान, जयपुर ने हमारे द्वारा संचालित 'एन.के. सिंथेसिस प्रा. लि.' (इकाई-4) के लिए पर्यावरण मंजूरी पत्र क्रं. F1(4) / SEIAA/SEAC-Raj/ SecttProject/ Cat. 5 (f) (18831) 2020-21 Dated: 26-8-2021 प्रदान की है। इस पर्यावरण मंजूरी पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, जयपुरके पास उपलब्ध है एवं इसे वेबसाईट www.environment.rajasthan.gov.in पर देखाजा सकता है।

**कार्यालय नगरपालिका बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/न.पा.ब./तामीर/2021-22/247 **-: आपत्ति सूचना :-** दिनांक: 24.11.2021

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका बड़ीसादड़ी क्षेत्र में निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा वैद्यानिक रिकॉर्ड प्रस्तुत कर भूखण्ड तामीर (निर्माण स्वीकृति) की स्वीकृति चाही है। इस संबंध में किसी व्यक्ति या पास-पड़ौस को कोई आपत्ति हो तो वह लिखित रूप मय दस्तावेज के 7 दिवस में पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। गुजरने मियाद कोई भी आपत्ति काबिले समाअत नहीं होगी। नोटः- निम्नांकित आवेदकों के संबंध में अन्य जानकारी एवं मौके का नक्शा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है। "सूचित हो"

| क्र. सं. | नाम आवेदक | पड़ौस | भूखण्ड स्थान व साईज Sqft. | विशेष विवरण ( आवेदन ) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री दिलीप सिंह राजपुत पिता धनराज सिंह राजपुत निवासी बड़ीसादड़ी | पूर्व गली। पश्चिम आम रास्ता। उत्तः गोपाल सिंह भाटी का मकान। दक्षिण- आम रास्ता। | आजादपुरा बड़ीसादड़ी जिसकी Size460.8Sqft. | आवासीय निर्माण स्वीकृति। |
| 2. | श्री मदनलाल धाकड़ पिता हिरा लाल धाकड़ निवासी जयसिंहपुरा | पूर्व रास्ता। पश्चिम- भूखण्ड सं. 15 उत्तर भूखण्ड सं. 22 दक्षिण भूखण्ड सं. 20 | Size1528.77Sqft. चन्द्र दर्शन विहार में भूखण्ड सं. 21 | आवासीय निर्माण स्वीकृति। |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बड़ीसादड़ी

**कार्यालय ग्राम पंचायत थाणा पंचायत समिति डूंगरपुर ( राज. )**

क्रमांकः- ग्रा.प./निविदा/2021/30 दिनांकः 22.11.2021

**ई-निविदा सूचना संख्या- 01 वर्ष 2021-22**

ग्राम पंचायत थाणा में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत के निर्माण कार्यों हेतु निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए दर-संविदा अन्तर्गत वाणिज्यक कर विभाग में पंजीकृत फर्मो (विक्रेता जिनके पास GST रजिस्ट्रेशन है) से निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदाये आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन विक्रय करने की तारीख व समय | 23.11.2021, प्रातः 10.00 बजे से 02.12.2021 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं बीड सिक्युरिटी स्टाम्प जमा कराने की तारीख व समय | 03.12.2021 को कार्यालय समय से दोपहर 2.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते है। |
| निविदा खोलने की तारीख | 03.12.2021 को दोपहर 4.00 बजे से निविदा खुलने तक |

निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवम् (www.eproc.rajasthan.gov.in) एवं पर उपलब्ध है।

NIB: ZDU2122A0048
UBN: ZDU2122GLOB00050

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, थाणा
पं.स. डूंगरपुर ( राज. )

सरपंच
ग्राम पंचायत, थाणा
पं.स. डूंगरपुर ( राज. )